समाचार

वार्ड क्र. 36 एवं 39 में साढ़े 34 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया महापौर ने

कोरबा 04 दिसम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 36 एवं 39 में 34 लाख 40 हजार रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री संतोष राठौर, एवं पार्षदगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार भदरापारा बस्ती में 26 लाख 62 हजार रूपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर में राम मंदिर के पास 04 लाख 15 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का कार्य एवं वार्ड क्र. 39 में ही राम मंदिर के सामने 03 लाख 63 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड के मरम्मत का कार्य किया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं एम.आई.सी.सदस्यों, पार्षदों की उपस्थिति में उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्यो का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र के साथ–साथ बालको जोन के विभिन्न वार्डो में प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में व्यापक पैमाने पर विकास व निर्माण कार्य कराए गए हैं। बालको क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था का कार्य हों या नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर जोन कार्यालय का निर्माण, बालको में मध्यम व गरीब वर्ग के लोगों के शादी विवाह व पारिवारिक आयोजनों हेतु एक सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण कार्य हों या आंवला गार्डन का निर्माण, वार्डो में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, मंच आदि से संबंधित कार्य हों या बिजलीविहीन बस्तियों, पारों में बिजली की सुविधा देने का कार्य सभी दिशा में व्यापक रूप से कार्य उक्त कार्यकाल में हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना संकट के चलते विकास कार्यो में अवरोध अवश्य आया था किन्तु अब निगम के सभी जोन व वार्डो में क्रमशः विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, मेरा निरंतर प्रयास है कि वार्ड के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व वहां के निवासियों की मांग व इच्छा के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएं तथा आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हों। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि निश्चित रूप से पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का कार्यकाल कोरबा के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समय रहा है। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन में सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किए गए, जो हम सबके सामने प्रत्यक्ष हैं। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में भी बिना किसी भेदभाव के विकास व निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, आमजन की समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण हों, उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं मिले, इस दिशा में निगम द्वारा किए जा रहे कार्य निश्चित रूप से सराहनीय हैं। पार्षद श्री लुकेश्वर चौहान ने इस अवसर पर कहा कि निश्चित रूप से मेरे वार्ड में व्यापक रूप से विकास व निर्माण कार्य कराए गए हैं तथा वार्ड की लगभग सभी समस्याएं दूर की गई हैं, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को धन्यवाद देता हूॅं, उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूॅं।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद लुकेश्वर चौहान एवं नर्मदा लहरे, पूर्व पार्षद देवीदयाल सोनी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एफ.डी.मानिकपुरी, ए.डी.जोशी, अखिलेश त्रिपाठी, पीयूष पाण्डेय, राकेश पंकज, सुखीराम जांगड़े, मधुरदास, नंदकिशोर साहू, श्यामलाल भट्ट आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।